भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +**3312**
सोमवार, 9 दिसम्बर, 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इको-पर्यटन का विकास

+**3312.** डॉ॰ ए॰ चेल्लाकुमारः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान इको-पर्यटन के विकास के लिए प्रत्येक राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र को कितनी केंद्रीय वित्तीय सहायता जारी की गई है;

(ख) जिन परियोजनाओं के लिए धन मुहैया कराया गया था उनका ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं पर राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा वास्तव में कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(ग) देश में इको-पर्यटन के विकास के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): इको परिपथ को स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास हेतु **15** थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में अभिज्ञात किया गया है । पिछले **3** वर्षों में इस थीमेटिक परिपथ के तहत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है ।

उपरोक्त के अतिरिक्त मंत्रालय ने देश में इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं जिनमें अन्य के साथ साथ निम्नलिखित शामिल हैं :

**(i)** पर्यटन उद्योग के तीन प्रमुख वर्गो अर्थात आवास, टूर ऑपरेटर तथा बीच, बैक वाटर्स, झीलों तथा रिवर्स सेक्टर के लिए भारत हेतु व्यापक स्थाई पर्यटन मानदंड तैयार किए गए और अपनाए गए जो पूरे देश में लागू होते हैं ।

**(ii)** कार्यान्वयन के चरण में होटल परियोजनाओं के अनुमोदन और विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रचालनरत होटलों के वर्गीकरण/पुनर्वर्गीकरण संबंधी दिशा-निर्देशों में पर्यावरण अनुकूल उपायों जैसे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, प्रदूषण नियंत्रण तथा प्रशीतन एवं वातानुकूलन के लिए नॉन क्लोरोफ्लोरोकार्बन उपकरणों की शुरुआत, ऊर्जा एवं जल संरक्षण उपायों को शामिल किए जाने के प्रावधान किए गए हैं ।

**(iii)** अन्य के साथ-साथ घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय अभियानों के माध्यम से और देश में इको पर्यटन के विकास पर केंद्रित संगोष्ठियों, सम्मेलनों और समारोहों को समय-समय पर सहायता देकर इको पर्यटन को बढ़ावा देना ।

*******

अनुबंध

इको-पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 09.12.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +**3312** के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

पिछले तीन वर्षों में स्वदेश दर्शन योजना के तहत इको पर्यटन परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य का नाम | परिपथ का नाम और वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मिजोरम | इको परिपथ (2016-17) | स्वदेश दर्शन योजना की इको परिपथ थीम के तहत मिजोरम में इको-रोमांचकारी परिपथ आइजॉल-रॉपुइछिप-खॉह्फॉव-लेंगपुई-डर्टलॉग-चतलांग-सकव्रवमुईट्वेट-लॉग-मुथी-बेरॉटलॉग-तुइरियाल एयरफील्ड-मुईफॉग का विकास | **99.07** | **49.53** |
| 2. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ (2017-18) | स्वदेश दर्शन योजना की इको परिपथ थीम के तहत गांधीसागर बांध - मण्डलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध- इन्दिरा सागर बांध - तवा बांध- बारगी बांध- भेड़ा घाट- बनसागर बांध- केन नदी का विकास | **99.62** | **79.70** |
| 3. | झारखंड | इको परिपथ (2018-19) | स्वदेश दर्शन योजना के तहत झारखंड में इको परिपथ: डालमा-चंडिल-गेतलसुद- बेतला राष्ट्रीय अभयारण्य-मिर्चैया-नेतरहाट का विकास | **52.72** | **0.00** |

*******